देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 30.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए योग और प्राणायाम शिविर का शुभारंभ। इस पहल का उद्देश्य अधिक ऊंचाई पर आने वाले यात्रियों को शारीरिक रूप से अनुकूल बनाना है।
- पिथौरागढ़ जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन सेवा अगले महीने शुरू की जाएगी।
- हरिद्वार जिले के पथरी वन क्षेत्र में बनाए गए नए जलाशय। गर्मियों में वन्यजीवों को मिलेगी राहत।
- ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बागेश्वर में 25 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

<u>केदारनाथ धाम योग</u>

केदारनाथ धाम में उच्च हिमालयी परिस्थितियों को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए योग और प्राणायाम शिविर का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई पर आने वाले यात्रियों को शारीरिक रूप से अनुकूल बनाना और उन्हें आध्यात्मिक शांति प्रदान करना है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आर.एस पाल ने बताया कि कम ऑक्सीजन और अत्यधिक ठंड वाले इस क्षेत्र में योग और प्राणायाम स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कम करने में कारगर साबित हो रहे हैं। आयुर्वेद विभाग ने मंदिर के पीछे चयनित स्थल पर प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक निःशुल्क योग सत्र आयोजित कर रहा है, जहां प्रशिक्षित अनुदेशक श्रद्धालुओं को अभ्यास करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम जैसे उच्च हिमालयी क्षेत्र में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। विभाग ने कि उच्च रक्तचाप, सांस लेने में कठिनाई या अन्य असुविधा महसूस करने वाले तीर्थयात्रियों से इस सुविधा का लाभ अवश्य उठाने की अपील की है। विभाग के अनुसार नियमित योगाभ्यास से न केवल श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि यात्रा भी अधिक सुरक्षित और सहज बन सकेगी।

<u>हेल्पलाइन नम्बर</u>

पिथौरागढ़ जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित और सरल समाधान के लिए प्रशासन ने "हैलो हेल्प हेल्पलाइन नंबर" शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हेल्पलाइन सेवा मई माह के दूसरे सप्ताह से संचालित की जाएगी। इस अभिनव पहल से जिले के नागरिक घर बैठे ही विभिन्न सरकारी सेवाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों तक तत्काल प्रेषित किया जाएगा, जिससे उनके निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी आएगी। यह सुविधा विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों

में रह रहे नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। हेल्पलाइन सेवा के शुरू होने से उन्हें विभिन्न कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि यह पहल प्रशासन को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक–केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हेल्पलाइन प्रणाली में शिकायतों की ट्रैकिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे नागरिक अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था के लागू होने से जहां नागरिकों के समय की बचत के साथ ही भ्रष्टाचार की संभावनाओं में भी कमी आएगी। वहीं, आमजन का प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा।

परीक्षा स्थगित

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने विभिन्न विभागों में विशेष तकनीकी अर्हता के तहत आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा को स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा आगामी तीन मई को प्रस्तावित थी। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, समूह 'ग' के 57 पदों पर सीधी भर्ती के लिए यह परीक्षा आयोजित की जानी थी। हालांकि, अपरिहार्य कारणों के चलते परीक्षा को अगली सूचना तक टाल दिया गया है। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे नई परीक्षा तिथि के लिए आधिकारिक वैबसाइट पर नजर बनाए रखें।

सम्मान

'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत पौड़ी जिले के थलीसैंण विकासखंड क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। थलीसैंण के उपजिलाधिकारी कृष्णा त्रिपाठी ने पूर्व में निर्देश दिए थे कि विद्यालयों में पहले तीन स्थान पर आने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि उनका मनोबल बढ़े और अन्य छात्राएं भी प्रेरित हों। इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने छात्राओं से उच्च शिक्षा की तैयारी को लेकर संवाद किया और उन्हें निरंतर प्रयास करते हुए अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा रावत ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, जिससे बालिकाओं में शिक्षा के प्रति जागरुकता और उत्साह बढ़े।

वन्य जीव/पानी

गर्मी के मौसम को देखते हुए हरिद्वार वन विभाग ने पथरी वन क्षेत्र में चार नए छोटे तालाब तैयार किए हैं। इन जलाशयों में नियमित रूप से पानी भरा जा रहा है, ताकि जानवरों को पीने के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। इसके साथ ही पहले से बने तीन तालाबों की मरम्मत कर उन्हें भी फिर से सक्रिय किया गया है और उनमें पानी भरकर निगरानी बढ़ा दी गई है। वन विभाग व्यवस्थाओं का सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है। जंगल में रहने वाले हाथी, गुलदार, चीतल और सांभर जैसे वन्यजीव इन तालाबों

तक पहुंचकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। हरिद्वार रेंजर शीशपाल सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में वन्यजीवों को पानी के लिए जंगल से बाहर न भटकना पड़े, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही जरूरत पड़ने पर और भी तालाब तैयार करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस पहल से न सिर्फ वन्यजीवों को राहत मिल रही है, बल्कि मानव–वन्यजीव संघर्ष की संभावनाएं भी कम हो रही हैं।

सिलाई प्रशिक्षण

बागेश्वर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 25 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक महीने तक चलने वाले इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना है। मास्टर ट्रेनर जया भाकुनी ने बताया कि प्रशिक्षण में महिलाओं को न केवल सिलाई का कौशल सिखाया जा रहा है, बल्कि उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए जरूरी जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को ऋण सुविधा, विभिन्न सरकारी योजनाओं और उनसे जुड़ी प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तार से समझाया जा रहा है, ताकि वे आसानी से अपना व्यवसाय शुरू कर सकें।

प्रशिक्षण ले रही दीक्षा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में स्वरोजगार ही सबसे बेहतर विकल्प है।

नोटिस

हरिद्वार में नगर निगम ने जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी गई है। इस मामले में 15 कर्मियों को नोटिस जारी किए गए हैं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। नोटिस में कहा गया है कि संबंधित कर्मी तुरंत जनगणना कार्य का दायित्व संभालें। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ जनगणना अधिनियम 1948 के तहत कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 187 के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।